तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार, जुलाई 2, 2024



11 पूरे भारत में अब न्याय संहिता लागू : एसडीओपी





12 मराठा समाज में प्री-वेडिंग को बंद करने पर बनी सहमति















बिना रूके, बिना थके, निःस्वार्थ सेवा की वजह से कहलाते हैं धरती के भगवान

# डॉक्टर्स-डे पर हरिभूमि ने शहर के चिकित्सकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

1 जुलाई को पूरे भारत में डॉक्टर्स-डे मनाया गया। नेशनल डॉक्टर्स-डे पर डॉक्टरों एवं उनके कार्यों को प्रणाम करने का दिन है। समाज के प्रति उनकी सेवा और समर्पण के लिए लोगों ने उन्हें धन्यवाद दिया।

ज्ञात हो कि यह दिन देश के महान डॉक्टर बीसी राय को समर्पित है। 1 जुलाई को उनका जन्मदिन है। बीसी राय एक डॉक्टर के रूप में भारत देश में विख्यात थे। हर विषम परिस्थितिथि में उन्होंने समाज के लोगों की सेवा की। दिन-रात की परवाह किए बगैर हर पल मरीजों की सेवा में डॉक्टर तैयार रहते हैं। कोरोना महामारी के दौरान डॉक्टर एवं उनकी टीम अपनी जान की परवाह किए बिना दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटी रही। डॉक्टरों के सम्मान में कई जगह कार्यक्रम भी हुए। डॉक्टर अपने पेशे के अनुरूप बिना रूके, बिना थके, निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करने में जुटे हैं। मरीजों के स्वस्थ होने पर उनकी एक मुस्कुराहट डॉक्टरों की मेहनत को सार्थक करती है। समाज को स्वस्थ रखने में डॉक्टरों का सबसे अहम योगदान है।




डॉक्टर और उनके सहयोगी सबसे बड़े योद्धा हैं। डॉक्टरों की सेवा को सलाम करते हुए हरिभूमि धमतरी जिला कार्यालय के ब्यूरो चीफ उमेश सिंह बशिष्ट, मार्केटिंग प्रभारी रवि राजपूत एवं रिपोर्टर यशवंत साहू ने शहर के डॉक्टरों का गुलदस्ता, श्रीफल एवं साफा भेंटकर सम्मान किया जिसमें डॉ. प्रदीप साहू एसएमसी हास्पिटल रायपुर रोड, डॉ. राहुल सिंह ठाकुर ओजस्वी नर्सिंग होम रूद्री रोड, डॉ. प्रफुल्ल पैकरा धमतरी हास्पिटल रूद्री रोड, डॉ. सीएल साहू श्री गोपाला अस्पताल रत्नाबांधा रोड, डॉ. अभिषेक गोयल हीरा डेंटल क्लिनिक नेशनल हाईवे मार्ग, डॉ. अभिषेक लॉज एकता हास्पिटल बठेना नहर नाली रोड, डॉ. विजय रावत सिद्धि विनायक हास्पिटल, डॉ. संदीप पटौंदा अधीक्षक क्रिश्चियन हास्पिटल धमतरी, डॉ. आरएस गुप्ता सरसकृष्ण अस्पताल सदर मार्ग, डॉ. दिनेश नाग गायत्री आरोग्यम हाउसिंग बोर्ड कालोनी, डॉ. सुधीर चटर्जी चटर्जी अस्पताल धमतरी तथा डॉ. नवीन साहू श्रीराम अस्पताल रूद्री रोड धमतरी शामिल हैं।


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


## खबर संक्षेप

### शासी परिषद की बैठक 4 को

**धमतरी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास नम्रता गांधी की उपस्थिति में 4 जुलाई को जिला खनिज संस्थान न्यास धमतरी के तहत शासी परिषद की बैठक रखी गई है। दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 को

**कोर्रा(भखारा)।** जिला ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 जुलाई को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर परिसर कुरुद में आयोजित की गई है। सचिव ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी, संगठन पर चर्चा के साथ कई मांगों को लेकर कलेक्टर एवं मंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

### जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई तक

**धमतरी।** जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिला कार्यकारिणी की बैठक ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम कौशिक ने बताया कि यह पखवाड़ा हर साल मनाया जाता है। प्रथम चरण 1 जून से 20 जून तक मनाया गया। द्वितीय चरण 27 जून से 10 जुलाई एवं तृतीय चरण 11 जुलाई से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान संबंधी स्लोगन के जरिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा क्षेत्र के ग्राम तर्रागोंदी निवासी मन्नूलाल साहू पिता सखाराम उम्र 57 वर्ष मजदूरी करता था। अधेड़ ने 25 जून को घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान अधेड़ की सोमवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। अधेड़ द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

कहीं पट्टा निरस्त करने तो कहीं निकासी व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग, जनदर्शन में लगी शिकायतों की झड़ी

# प्लाटिंग के लिए रोक दिया पानी का प्राकृतिक रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कालोनाइजर द्वारा अवैध प्लाटिंग करते हुए पानी निकासी के प्राकृतिक रास्ते पर पुल बना दिया गया है। इसे निजी उपयोग में लेने के लिए गेट भी लगा दिया गया है। गोकुलपुर के वार्डवासियों ने पुल को तोड़ने की मांग की है। बिरेतरा के ग्रामीणों ने आचार संहिता के दौरान आवंटित पट्टा को निरस्त करने की मांग की है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत व मांगों की झड़ी लगी रही। युवा विचार मंच एवं गोकुलपुर के वार्डवासियों ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग की शिकायत करते हुए बताया कि भटगांव रोड गोकुलपुर, आकाशगंगा कालोनी, कलेक्टोरेट परिसर से बरसाती पानी सोरिद नाला में जाता है। इस नाले से पानी होकर खारुन नदी में मिल जाता है। एक कालोनाइजर द्वारा बरसाती पानी की निकासी के प्राकृतिक रास्ते पर मिट्टी डाल दिया गया है। निकासी के लिए काफी संकरा पुल बनाया गया है जिससे पानी की निकासी पर्याप्त नहीं होगी। यदि निकासी के रास्ते को दुरूस्त नहीं किया जाता है तो गोकुलपुर कलेक्टोरेट सहित शहर के कई इलाके डूब जाएंगे। वार्डवासी उपेंद्र साहू, लोकेश्वर साहू, देवेंद्र साहू, जागेश्वर, सुदीप, टिकेश्वर, लोचन ध्रुव सहित अन्य लोगों ने बताया कि यदि प्रशासन दस दिन के भीतर इस मामले में कोई एक्शन नहीं लेता है तो वे चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।




### तालाब के अंदर जमीन की खरीदी-बिक्री की शिकायत

मगरलोड क्षेत्र के ग्राम पहंदा के ग्रामीणों ने कई समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि गांव के सिंचाई तालाब से करीब 400 एकड़ जमीन सिंचित होती है। एक किसान ने तालाब के भीतर जमीन की खरीदी का दावा करते हुए मिट्टी डाल दी है। इससे कई किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। दूसरे मामले में उन्होंने बताया कि 40 साल पहले गांव के एक व्यक्ति को खेती के लिए पट्टे पर जमीन दी गई है। अब तक उसने जमीन पर खेती नहीं की है। अब इस जमीन को शाला प्रबंधन समिति को दे दिया गया है। इसका विरोध करते हुए उक्त व्यक्ति ने बलपूर्वक जमीन पर बीज डालकर खेती का प्रयास शुरु कर दिया है। उन्होंने उक्त व्यक्ति का पट्टा निरस्त करने की मांग की है। मिडिल स्कूल में शिक्षक की कमी को लेकर भी उन्होंने आवेदन सौंपा है। आवेदन देने वालों में प्यारेलाल साहू, हीरासिंग, रोहित, रघुराम, लुकुराम, नंदकुमार सहित शामिल थे।

### आचार संहिता के दौरान बांट दिया पट्टा

ग्राम बिरेतरा से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि चुनावी आदर्श आचारण संहिता के दौरान सरपंच-पंच ने मिलीभगत करते हुए अपने शुभचिंतकों को आबादी का पट्टा बांट दिया। गांव में निस्तारी के लिए काफी कम जमीन है, इसके बाद भी 13 व्यक्तियों को गलत तरीके से पट्टा बांध दिया है। जिन व्यक्तियों को पट्टा दिया गया है, उनसे 11 हजार से लेकर 15 हजार तक शुल्क भी लिया गया है। ग्रामीणों ने पट्टा निरस्त करने की मांग की है।

### गोजी में बारिश का पानी घरों में घुस रहा, ग्रामीण हो रहे परेशान




ग्राम गोजी से पहुंचे ग्रामीण धनराज साहू, लोचन साहू, सोनिया, रेवती साहू, नंदकुमार साहू ने बताया कि गांव में दो साल से बरसाती पानी की निकासी की समस्या है। तेज बारिश में घरों के अंदर पानी घुस जाता है। उन्होंने बताया कि समस्या तब से शुरु हुई जब एक ग्रामीण ने अपनी जमीन पर मिट्टी पाटकर समतलीकरण किया। इसी जमीन से लगी हुई घास जमीन है जिस पर नाली निर्माण कर समस्या दूर की जा सकती है। इस घास जमीन पर सरपंच का कब्जा है। वह कब्जा बनाए रखने के लिए नाली निर्माण का विरोध कर रहा है।

### दो माह का वेतन नहीं मिला

शिकायत करने पहुंचे सेवा प्रदाता शिक्षकों ने बताया कि उनकी नियुक्ति सितंबर 2023 से अप्रैल 2024 तक आठ माह के लिए की गई थी। 6 माह का वेतन तो मिला, लेकिन मार्च और अप्रैल का वेतन नहीं मिला है। इसके लिए वे कई बार शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने वेतन दिलाने के साथ सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की है।



# मवेशी से टकराकर फिर हुई बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड में मवेशी से टकरा जाने से फिर एक बाइक सवार की मौत हो गई है। बीते दो दिनों में रूद्री रोड में इस तरह की यह दूसरी घटना है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय औद्योगिक वार्ड निवासी मूल निवास स्टेशनपारा के प्रवीणसिंग ठाकुर पिता भोजराज उम्र 33 वर्ष प्रापर्टी डीलिंग का काम करता था। युवक रविवार की शाम अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 एबी 8943 से रूद्री की तरफ गया था जहां से रात्रि लगभग 9 बजे रूद्री रोड होते हुए अपने घर औद्योगिक वार्ड लौट रहा था। युवक लक्ष्मी निवास चौक को पार कर अंबेडकर चौक की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान चौक से कुछ दूरी पर सड़क पर रखे डिवाइडर के पास मवेशी ने अचानक दौड़ लगा दी। बाइक सवार युवक मवेशी से टकरा गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गये। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले 28 जून की रात्रि रूद्री थाना के सामने मवेशी से टकराकर बाइक सवार गौरी नगर निवासी युवक की मौत हुई थी। रूद्री रोड में लक्ष्मी निवास चौक के पास रविवार की रात्रि मवेशी से टकराने से फिर एक और बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

### लक्ष्मी निवास चौक के पास हुआ हादसा



### पशुविहीन मार्ग बनाने का अभियान ठप

रात्रि में सड़क पर बैठे पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात पुलिस द्वारा पशुविहीन मार्ग बनाने अभियान शुरू किया गया था, जो कुछ दिन चलने के बाद ठप पड़ गया। रूद्री रोड में मवेशी के कारण हुई दो सड़क दुर्घटना को देखते हुए अभियान को लगातार चलाने की जरूरत है।

# अधूरे दस्तावेज, 92 छात्र आरटीई से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अधूरे और फर्जी दस्तावेज के कारण 92 छात्रों का आरटीई के तहत प्रवेश रोक दिया गया है। इन बच्चों का नाम लाटरी में निकला था। उनके एडमिशन रुकने से रिक्त हुई सीटों को दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

■ 899 को मिला दाखिला, 7 बाकी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। पहले चरण में 998 छात्रों का नाम लाटरी से निकालकर सिलेक्ट किया गया था। इन छात्रों को स्कूल में दाखिला देने का काम चल रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक निजी स्कूलों में 899 छात्रों का दाखिला हो चुका है। 7 छात्र बाकी है, जिन्हें दाखिला दिया जाना है। 7 जुलाई तक उन्हें दाखिला दिया जाएगा। सिलेक्टेड छात्रों में 92 ऐसे हैं जिन्हें आरटीई की पात्रता से वंचित कर दिया गया है। इसमें कई छात्रों को स्कूल पसंद नहीं आया, जिसके कारण उन्होंने उस स्कूल में दाखिला नहीं लिया। वहीं कई छात्रों के पालकों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज अधूरे या फर्जी मिले, जिसके चलते उन्हें भी दाखिला नहीं दिया गया है।

### प्रवेश की तिथि बढ़ी

पहले चरण की लाटरी में जिन छात्रों को सिलेक्ट किया गया, उन्हें दाखिला देने के लिए 20 मई से 30 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। इस तिथि में कई छात्रों का दाखिला नहीं हो पाया है। धमतरी में ही 7 छात्रों का दाखिला शेष है। स्थिति को देखते हुए प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। अब 7 जुलाई तक छात्रों को दाखिला दिया जा सकेगा।

### दूसरा चरण 9 जुलाई से

दूसरे चरण की लाटरी की तिथि में भी परिवर्तन किया गया है। अब दूसरे चरण के लिए आवेदन 9 से 14 जुलाई तक लिए जाएंगे। 15 से 21 जुलाई तक नोडल अधिकारी दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। 23 से 26 जुलाई तक लाटरी निकाली जाएगी। इसके बाद 29 जुलाई से 11 अगस्त तक दाखिला लिया जाएगा। आरटीई के तहत आनलाइन दावा प्रक्रिया 19 अगस्त से 18 सितंबर तक चलेगी।

देश में 1 जुलाई से तीन नया कानून लागू, कार्यशाला आयोजित कर दी गई जानकारी

# थानों व चौकियों में लागू नए कानून को उत्सव के रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के सभी थानों व चौकी में लागू हुए नये कानून को उत्सव के रूप में मनाया गया। वहीं कार्यशाला का आयोजन कर नए कानून की जानकारी दी गई।

पूरे देश में 1 जुलाई से तीन नया कानून लागू हो गया है जिसमें भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसएस 2023 शामिल है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय एवं अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित करने निर्देशित किया था।




कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण, नागरिकगण व जनसमूह को संबोधित करते हुए नए महिला सुरक्षा कानून पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि नये कानून में अब धारा 68/69 के तहत पहचान छिपाकर शादी करना या शादी का झूठा वादा कर यौनकृत्य करने को जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा गया है। 1 जुलाई से लागू नई संहिता को आधुनिक साक्ष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। इस दौरान नए कानून की आवश्यकता व अपरिहार्यता पर जानकारी दी। 1 जुलाई से लागू हुए नए कानून को इकाई के सभी थानों व चौकी में उत्सव के रूप में मनाया गया।

इस दौरान एएसपी, डीएसपी सहित शहर एवं गांव के सभी थाना चौकी के अधिकारी-कर्मचारी, सभी बड़े प्रतिष्ठानों के संचालक, चेंबर आफ कामर्स, राइस मिलर्स संघ, मेडिकल एसोसिएशन, परिवहन संघ, सेलून संघ, शांति समिति के सदस्य, स्वयंसेवी संस्था सहित प्रबुद्धजन उपस्थित थे।


हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### मौत मामले में सरपंच के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** करीब चार पहले ग्राम बेलमुंडी में सीसी रोड निर्माण के दौरान मिक्चर मशीन में फंसने से मजदूर की मौत हो गई थी। थाना बलौदा अंतर्गत इस मामले की जांच के बाद ग्राम सरपंच ताराचंद चौधरी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच में पाया गया कि ग्राम सरपंच ताराचंद चौधरी द्वारा ग्राम बेलमुंडी में विधायक मद से गली में सीसी रोड निर्माण के दौरान मिक्चर मशीन से काम कराते समय पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न कर लापरवाहीपूर्वक काम कराया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि 12 मार्च 2024 को निर्माण कार्य में लगे मजदूर नरेंद्र कोडाकू पिता नीलमणि कोडाकू (48 साल) निवासी बेलमुंडी का गमछा मिक्चर मशीन में फंस गया, घटना में उसके सीने और पीठ में चोट आई, जिसे इलाज के लिए सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी सरपंच के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पौधारोपण से ही संतुलित हो सकता है वातावरण

**रायपुर।** बसंत विहार कॉलोनी के साहू एवं पांडे परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे रोपित किए गए। दोनों परिवारों के सदस्यों ने बताया कि इन पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग भी लगाई जाएगी। अरुण पांडे ने बताया कि पौधारोपण से ही वातावरण को संतुलित किया जा सकता है। इस अवसर पर भास्कर साहू, अरुण पांडे एवं परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### बैज ने कहा- भाजपा सरकार में चल रही कमीशनखोरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी भाजपा सरकार की पहचान बन गई है। बिना कमीशन के प्रदेश में किसी विभाग में कोई काम नहीं हो सकता। आबकारी, पीएचई, कृषि सभी विभागों में कमीशन के टार्गेट फिक्स हो गए हैं। अब तो लोग साय सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। श्री बैज ने कहा, आबकारी विभाग में अधिकारी दुकानों को कमीशन का टार्गेट दे रहे हैं, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। राजनांदगांव के कांट्रेक्टर एसोसिएशन द्वारा जल जीवन मिशन योजना में ठेकेदारों को भुगतान के एवज में पीएचई विभाग के ईई और एसडीओ द्वारा 10 प्रतिशत की कमीशन मांगे जाने की लिखित शिकायत विगत 2 अप्रैल को जल जीवन मिशन के प्रदेश संचालक से की है। डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने उक्त शिकायत पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के मंत्रियों का मौन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार की सहमति और संरक्षण में ही लूट का यह खेल खेला जा रहा है। कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने अपने शिकायत पत्र में यह भी कहा है कि ईई और एसडीओ द्वारा यह बताया गया है कि उनके द्वारा लिए जाने वाला कमीशन ऊपर वालों के लिए है।

### डीएपी की कमी, बता रहे दूसरी खाद का विकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी के सीजन में खाद-बीज की मांग तेज होने के साथ ही इसकी कमी की जानकारी भी सामने आती रहती है। दूसरी ओर सहकारिता क्षेत्र से लगातार दावा किया जा रहा है कि खाद-बीज की कोई कमी नहीं है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार भी गंभीर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अधिकारियों के निर्देश दे चुके हैं कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन मार्कफेड द्वारा जारी एक पत्र से ये सामने आई है कि खाद की कमी है। यही नहीं, किसान डीएपी 18:46 खाद की मांग कर रहे हैं तो उन्हें दूसरा विकल्प बताया जा रहा है। मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारी ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवापारा शाखा को एक पत्र भेजा है। यह पत्र अभनपुर क्षेत्र की कुछ सोसायटियों में किसानों की जानकारी के लिए नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। पत्र में कहा गया है कि नवापारा शाखा के लिए 200 मीट्रिक टन डीएपी खाद की मांग की गई।

---

**डेली नीड्स, किराना, जनरल स्टोर्स, पान ठेला में प्रतिदिन 4 लाख की बिक्री**

# मच्छरों में कंट्रोल नहीं, करोड़ों की जल रही मच्छर अगरबत्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल में मच्छरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से मॉस्किटो रिपलेंट, क्वाइल अगरबत्ती व मच्छररोधी क्रीम का कारोबार अब करोड़ों में पहुंच गया है। हालांकि बचाव के ये तरीके पूरी तरह से कारगर नहीं है। फिर भी सुरक्षा के लिए लोग इसका उपयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं। लोगों की जेब भारी पड़ने के साथ स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। खपत को देखते हुए कंपनियों ने कीमत में वृद्धि कर दी है। स्थानीय थोक व्यापारियों ने बताया कि इसका आकलन करें तो हर वर्ष इसका कारोबार 5 से 6 करोड़ रूपये होता है। इधर चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके मंडल का कहना है कि मच्छररोधी उत्पाद बच्चे, गर्भवती श्वांस रोगियों के लिए घातक है। इसका उपयोग कम करना चाहिए। मच्छरदानी का उपयोग सबसे उपयुक्त है।

किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई, गोविंद डोडवानी आदि ने बताया कि वर्तमान में स्टिक वाली मच्छर अगरबत्ती सबसे ज्यादा बिक रही है। हर्बल होने के साथ स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त है। सिट्रोनेला तत्व की अगरबत्ती मच्छर को तुरंत भगाती है इसलिए इसकी मांग सबसे ज्यादा है। क्वाइल, लिक्विड और अन्य मच्छररोधी उत्पाद की मांग कुछ कम है।



एक थोक व्यापारी ने बताया कि अंचल में प्रतिदिन 2 से 3 लाख रूपये का कारोबार केवल मच्छररोधी अगरबत्ती का हो रहा है। लोग अब अगरबत्ती का उपयोग ज्यादा कर रहे हैं। पहले ब्रांडेड कंपनियां ही अगरबत्ती बनाती थीं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में स्थानीय लोग भी सस्ते में अगरबत्ती बनाकर बाजार में खपा रहे हैं। इसमें मिलाए गए तत्वों की मात्रा कम- अधिक होने से यह स्वास्थ्य के लिए घातक है। प्रायः सभी घरों में मच्छर अगरबत्ती जलाई जाती है। इनकी डिमांड इतनी अधिक है कि यह जनरल स्टोर्स, डेली नीड्स, पान ठेला, मेडिकल स्टोर्स, किराना सभी जगह उपलब्ध है।

#### कलेक्टर ने फॉगिंग के दिए निर्देश

कलेक्टर नम्रता गांधी ने आयुक्त नगर निगम, नगर पालिका, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद आदि को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय, ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों से बचाव के लिए हर सप्ताह फॉगिंग कराया जाए और इसकी जानकारी रजिस्टर में अंकित की जाए। जलभराव वाले क्षेत्र में विशेष रूप से फॉगिंग कराया जाए।

---

**कुरूद थाना में न्याय उत्सव आयोजित कर दी गई तीन नए कानून की जानकारी**

# पूरे भारत में अब न्याय संहिता लागू : एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

1 जुलाई से सम्पूर्ण भारत में भारतीय दंड सहिता समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है। इसके तहत 1860 की आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट को समाप्त कर 2023 की भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू कर दिया गया है। यह जानकारी नये कानून उत्सव के रूप में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, महिलाओं एवं मीडिया की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई।

सोमवार को कुरुद थाना में एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने नए कानून की जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून में भारी भरकम बदलाव किए गए है। कई धाराएं हटाई गईं तो कई नई धाराएं लाई गई हैं। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासन के राजद्रोह कानून को समाप्त कर देशद्रोह कानून लागू किया गया है।





इस नए कानून में बच्चों और महिलाओं को और अधिक सुरक्षा प्रदान की गई है। अब कोई भी व्यक्ति महिलाओं को झांसे में रखकर शोषण या अत्याचार नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि धारा 302 हत्या को 103 (1), ठगी व धोखाधड़ी 420 को 118 (4), चोरी के लिए लगने वाले 379 को 303(2) और दुष्कर्म के 376 आईपीसी को अब 76 बीएनएस के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही इलेक्ट्रोनिक माध्यमों पर जोर दिया गया है।

इस दौरान नपं अध्यक्ष तपन चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, टिकेश साहू, प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, भूपेन्द्र चंद्राकर, उत्तम साहू, कृष्णकांत साहू, थानेश्वर तारक, रवि चंद्राकर, प्रमोद साहू के अलावा स्थानीय पत्रकार व नगरवासी उपस्थित थे।

#### कहीं भी करा सकते हैं जीरो एफआईआर : टीआई

टीआई अरुण साहू ने तीन नये कानून की जानकारी देते हुए कहा कि अब किसी भी थाना से किसी भी क्षेत्र का मामला दर्ज किया जा सकता है जिसे जीरो एफआईआर के तहत सेक्शन लगाते हुए मामले दर्ज कर आवश्यकतानुसार धारा लगाते हुए संबंधित थाना क्षेत्र को भेजे जाने का प्रावधान शामिल किया गया है। एफआईआर को 15 दिन के अंदर घटनास्थल वाले थाने में ट्रांसफर किया जाएगा। कोई भी नागरिक अपराध के सिलसिले में कहीं भी जीरो एफआईआर दर्ज करा सकेगा। उन्होंने बताया कि छोटे-मोटे असंगेय मामलों के लिए सामुदायिक दंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने लोगों से आपसी सुलह से विवादों को दूर कर कानूनी पेंच से बचने की सलाह दी।

---

# डीएसपी ने दिए बच्चों को करियर बनाने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उमावि बिरेतरा में जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी उपपुलिस अधीक्षक भावेश साव के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य गेवाराम नेताम की अध्यक्षता व सरपंच उषा साहू, उपसरपंच विनेश्वर साहू के विशिष्ट आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कक्षा नवमीं में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के माथे पर तिलक वंदन कर मुंह मीठा कराया गया। पाठ्यपुस्तकें प्रदान की गईं। कक्षा बारहवीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों धीरज साहू, ऋषभ साहू व लीना साहू तथा कक्षा दसवीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों खुशी यादव, वर्षा साहू, प्रतिभा कोसरिया, चंदना यदु, लुकिता साहू व भावना यादव तथा श्रेष्ठ पालकों हमिता साहू, बिहारी साहू का सम्मान किया गया।



संस्था प्रमुख प्राचार्य गेवाराम नेताम ने संस्था की उपलब्धि तथा आगामी वर्ष के विजन के साथ ही संस्कार पूर्ण शिक्षा पर जोर दिया। उपसरपंच विनेश्वर साहू व सरपंच उषा साहू ने पंचायत स्तर पर संस्था को हरसंभव मदद करने आश्वस्त किया। मुख्य अतिथि उपपुलिस अधीक्षक श्री साव ने बाल अपराध व यातायात पर जानकारी देने के साथ ही करियर मार्गदर्शन किया। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन सोनाक्षी साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन भावना यादव तथा आभार प्रदर्शन चंदना यदु ने किया।

---

## हिंदू समाज मिशनरियों से रहे सावधान : धनेश्वर

**कुरुद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने कहा कि हिंदू समाज के लोगों को ईसाई मिशनरियों से सावधान रहना चाहिए जो हमें अपने धर्म, संस्कृति, रीति रिवाज, अपने परिवार, समाज से अलग करके आपस में लड़ाने का काम कर रही है।



उन्होंने कहा कि धमतरी जिला में पिछले कुछ वर्षों में मिशनरियों द्वारा हिंदू समाज के लोगों को लालच देकर, कुछ बीमार लोगों को मुफ्त इलाज का झांसा देकर गांव-गांव में चंगाई सभा लगाई जा रही है जिससे गांवों में तनाव पैदा हो रहा है। इससे हिंदू समाज में आपस में टकराव की स्थिति निर्मित हो रही है। सुदूर वनांचल के भोले भाले लोगों को अपना टारगेट बनाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अपने आसपास मोहल्ले में मिशनरियों की गतिविधियां संचालित होने पर सब समाज के लोगों को साथ लेकर ऐसे लोगों का प्रतिकार करना है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि वे शांति भंग करने वालों पर तुरंत कार्रवाई करें।

---

# संबलपुर बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी विदाई



- बैंक में लगभग 29 वर्ष तक दी सेवा, स्टाफ ने उनके कार्यकाल को बताया अविस्मरणीय

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी(धमतरी)

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक संबलपुर में लगभग 29 वर्ष तक सेवा देने वाले पालूराम साहू को सेवानिवृत्ति पर बैंक शाखा के स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी। केके साहू शाखा प्रबंधक ने श्री साहू को पुष्पमाला से सम्मानित किया। विभिन्न समितियों से आए हुए समिति प्रबंधकों ने भी गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संतोष पटेल देमार समिति प्रबंधक ने कहा कि श्री साहू सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। ललितदास मानिकपुरी पर्यवेक्षक ने कहा कि पालूराम ने शाखा में कई वर्ष तक सेवा दी। उनके जीवनकाल में हमने बैंक के कार्यों को सीखा है। शाखा मैनेजर केके साहू ने कहा कि पालूराम साहू लंबे समय से शाखा में पदस्थ थे और उनकी कार्य शैली बहुत अच्छी थी। उनके दीर्घायु की कामना की। विदाई कार्यक्रम में श्री साहू को श्रीफल, शाल, शिव महापुराण और भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेंट की गई। मौके पर बिहारीराम साहू, दिव्या सिन्हा, सुश्री नंदिनी, श्रीमती ममता मेश्राम, बोड़रा समिति प्रभारी बलदेवराम साहू, जागेश्वर ध्रुव समिति प्रबंधक संबलपुर, प्रेम साहू समिति प्रबंधक लिमतरा, समिति प्रबंधक संतोष पटेल देमार, समिति प्रबंधक प्रेमूराम निर्मलकर कंडेल, समिति प्रबंधक मुकेश साहू भोथली, डाही समिति प्रबंधक गजाधर पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू छाती एवं आभार प्रदर्शन बिहारीलाल साहू पर्यवेक्षक ने किया।

---

**अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में संवैधानिक मूल्यों पर हुई युवा रचनात्मक कार्यशाला**

# नाटक से दिया समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित आवासीय युवा रचनात्मक कार्यशाला का समापन सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाट्य मंचन से किया गया। इस आवासीय शिविर में प्रतिभागियों ने अपने सामाजिक परिवेश में मौजूद सामाजिक व लैंगिक असमानता के मुद्दों को जोड़ते हुए उस पर कहानी तैयार करते हुए उसकी स्क्रिप्ट बनाई और अंतिम दिन तीन समूहों ने तीन अलग-अलग सामाजिक मुद्दों पर दिल को झकझोर देने वाला और सामाजिक असमानता के मुद्दे को गहराई से महसूस करते हुए नाट्य की प्रस्तुति दी। शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक तिलकराम साहू एवं सोहन लाल साहू ने इस नाट्य मंचन की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं द्वारा तैयार किया गया यह नाटक हमें सामाजिक मुद्दों पर सोचने, समझने और समाज में व्याप्त असमानता को गहराई से महसूस करने पर सोचने के लिए बाध्य करता है। ज्ञात हो कि इस शिविर में राज्य के तीन जिलों धमतरी, बलौदाबाज़ार एवं बेमेतरा के लगभग तीन दर्जन युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का आयोजन धमतरी के ग्राम शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला संस्थान में हुआ। संवैधानिक मूल्यों को लेकर युवाओं को जागरूक करने यह कार्यक्रम रखा गया। पांच दिवसीय कार्यशाला के विभिन्न सत्र में युवाओं ने अपने आसपास के परिवेश को तार्किक, वैज्ञानिक व मानवीय नजरिये से समझने की कोशिश की। संवैधानिक मूल्यों के अंतर्गत स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को देखने-समझने की अंतर्दृष्टि विकसित करने की कोशिश की गई।





सभी प्रतिभागियों में प्रत्येक दिन आपसी एकता, परस्पर प्रेम और तालमेल विकसित करने खेल गतिविधि भी कराई गई। कार्यशाला में युवाओं ने सभ्य एवं मानवीय समाज बनाने की दिशा में समाज में व्याप्त जातिगत व लैंगिक भेदभाव के मुद्दों को अपने परिवेशीय अनुभवों के आधार पर सामने लाने और उसे महसूस करने की कोशिश की। मौके पर अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन की प्रीति, टीना, मनीषा, मुकेश, नरेन्द्र, जोबन, गुलशन, देवेन्द्र, खिलेन्द्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# संघर्ष करना सीखें तभी उंचाइयों को छू सकते हैं



- युवा प्रभाग आदिवासी समाज ने स्कूली बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज व्दारा शासकीय प्राथमिक स्कूल तथा माध्यमिक स्कूल तुमराबहार में स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन व अन्य जरूरी सामानों का वितरण किया।

प्राथमिक स्कूलविश्रामपुर में भी बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खूब मेहनत और लगन से पढ़ाई करें। भविष्य में यदि पढ़ाई में आर्थिक समस्या आती है तो समाज की ओर से उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। गोंड़ समाज के सलाहकार डॉ.एआर ठाकुर ने कहा कि सभी को गुरू के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। बिना गुरू के भविष्य अंधकारमय है।

सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश रावटे ने कहा कि स्कूल पहुंचकर उन्हें अपने बचपन की यादें ताजा हो गईं। संघर्ष करना सीखें, तभी आप उंचाईयों को छू सकते हैं। मौके पर प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक डीआर ध्रुव के अलावा श्यामलाल ध्रुव, खिलेन्द्र पडौटी, मिथिलेश सिंह कुंजाम, रामेश्वर मरकाम, भागीरथी निषाद, डिकेश नेताम, केवल सिंह, रीना ध्रुव उपस्थित थे।

---

**सर्व आदिवासी समाज की नई कार्यकारिणी का गठन**

# मरई पुनः बने सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार को गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। समाज ने सर्वसम्मति से एक बार पुनः जीवराखन मरई को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी है। जीवराखन मरई मां अंगारमोती ट्रस्ट के भी अध्यक्ष हैं। पूर्व में उनके कार्यकाल में आरक्षण एवं विभिन्न संवैधानिक अधिकारों को लेकर कई आंदोलन हुए ,जिनका नेतृत्व उन्होंने किया। श्री मरई की समाज में अलग ही पहचान है। यही वजह कि उन्हें फिर से यह मौका दिया गया है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बी.एस. रावटे, गोंड़ समाज के जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, नगारची समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवनाथ नेताम ,प्रदेश पदाधिकारी रूपेन्द्र नगारची की उपस्थिति में सर्व आदिवासी समाज के तीनों प्रभाग सामान्य, महिला और युवा प्रभाग के लिए नई कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया। इस कार्यकारिणी में कई नए चेहरों को भी मौका दिया गया। चन्द्रकला नेताम को जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग की जिम्मेदारी दी गई। युवा प्रभाग की जिम्मेदारी खिलेन्द्र पडौटी को दी गई है।



जिलाध्यक्ष बनने के बाद श्री मरई ने कहा कि समाज की समस्याओं और संवैधानिक मांगों के लिए वह निरतंर लड़ाई लड़ते रहेंगे। चन्द्रकला नेताम ने कहा कि वह समाज की बेहतरी के लिए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। युवा प्रभाग अध्यक्ष खिलेन्द्र पडौटी ने कहा कि हर गांव से युवाओं को सर्व आदिवासी समाज के बैनर में जोड़ने का लक्ष्य लेकर कार्य करेंगे।

#### इन्हें मिली जवाबदारी

सामान्य प्रभाग के लिए जीवराखन मरई जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश रावटे, महासचिव उदय नेताम, कोषाध्यक्ष कमलनारायण ध्रुव, उपाध्यक्ष कांशीराम कंवर, मदन नगारची, हृदय नाग, मनोज साक्षी, अन्नु तारम, जगन्नाथ मंडावी, रामप्रसाद कंवर, शिव कुमार नेताम, स्कन्ध ध्रुव, गेवाराम नेताम, ठाकुर राम नेताम, संयुक्त सचिव नेकराम ध्रुव, सुग्रीव नेताम, भीखम नेताम, लीलाराम कंवर, संगठन मंत्री शिवप्रसाद कोर्राम, प्रदुमन नगारची, अनुज नेताम, कोमल कंवर, मीडिया प्रभारी रामेश्वर मरकाम, सुरेन्द्र राज ध्रुव, बंसत ध्रुव आदि बनाए गए।

महिला प्रभाग के लिए चन्द्रकला नेताम जिलाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष अनीता ठाकुर, उपाध्यक्ष नंदा ध्रुव, माधुरी रावटे, गायत्री कंवर, आश बाई नगारची, महासचिव चमेली नेताम, कोषाध्यक्ष मुक्ता ध्रुव, संरक्षक ईश्वरी नेताम, गीता नेताम, बुधन्तीन ध्रुव, मुख्य सलाहकार शशि ध्रुव को जवाबदारी दी गई।

इसी तरह युवा प्रभाग के लिए खिलेन्द्र पडौटी जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष इंद्रावन कंवर, उपाध्यक्ष ललित नगारची, अश्वनी रावटे, गोविंद नेताम, महेन्द्र मरकाम, महासचिव टुकेश्वर कंवर, कोषाध्यक्ष हरिशंकर मरकाम, सचिव राजू लक्ष्मण नेताम, संयुक्त सचिव फलेन्द्र मंडावी, मनोज ध्रुव, सुरेन्द्र कंवर, ओंकेश्वर नेताम, दिनेश नेताम, नंदकिशोर नेताम, मीडिया प्रभारी केवल नेताम, सुनील मंडावी, कार्यकारिणी सदस्य डिसूजा नेताम, छन्नूलाल नगारची, मनोज नेताम, भीम ध्रुव, तरूण सामरथ शामिल किए गए।

सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बी.एस. रावटे ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जयपाल सिंह ठाकुर, कृष्णा नेताम, रंजीत सिंह सोम, अनीश तारम, अश्वनी रावटे, बृजलाल, शत्रुघन सिंह, अश्वनी ठाकुर, राधेश्याम ध्रुव, संतोष सोरी, नेहरू राम कंवर, भीखम राम नगारची, सेवक राम ध्रुव, चुन्नीलाल ध्रुव, मदनलाल ध्रुव, सुभाष ध्रुव, राजकुमार कतलाम, सरोज नगारची, सविता नेताम, दीनदयाल मंडावी, घनश्याम नेताम, तेजराम ध्रुव, बालमुकुंद नेताम उपस्थित थे।

---

#### अंगना में शिक्षा का आयोजन आज

**धमतरी।** बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए सुघ्घर पढ़वईया कार्यक्रम के तहत अंगना में शिक्षा का आयोजन 2 जुलाई को किया जाएगा। प्रदेश में माताओं को जोड़कर बच्चों को घर पर सीखने में सहयोग देने के लिए अंगना में शिक्षा कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद मिला है। चालू शिक्षा सत्र में अधिक से अधिक स्कूलों में बच्चे सुघ्घर पढ़वईया कार्यक्रम में निर्धारित अपेक्षित स्तर तक पहुंच सकें, इसके लिए अंगना में शिक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी प्राथमिक स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संयोजक डॉ. विनोद कुमार पाठक तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. ओमप्रकाश चांदे सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र नारायण राव मेघावाले शासकीय कन्या महाविद्यालय थे। प्रो. चांदे ने बीएससी, बीएचएससी, बीसीए, बीबीए, बीए व बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं को कौन-सा विषय, कोर विषय के रूप में चयन करना है तथा कौन-सा विषय इलेक्टिव के रूप में चयन करना है, इस संबंध में जानकारी दी। एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स तथा वैल्यू एडिशन कोर्स के रूप में छात्र-छात्राओं द्वारा क्या चयन किया जाना है, इस पर भी जानकारी दी गई। सतत आंतरिक मूल्यांकन में छात्रों को 30 प्रतिशत की आंतरिक परीक्षा की व्यवस्था है जिसमें दो टेस्ट 20-20 अंक के तथा एक असाईमेंट 10 अंकों का होगा। दोनों टेस्ट में जिसमें भी अधिकतम अंक होंगे, उसी को लिया जाएगा तथा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा तथा सेमेस्टर परीक्षा को मिलाकर छात्र उत्तीर्ण होगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा अशैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।

## नए कानून से पीड़ित को जल्द मिलेगा न्याय

- पीजी कॉलेज में नये न्यायिक अधिनियम पर हुआ व्याख्यान

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं विधि विभागाध्यक्ष प्रो.दुर्गेश प्रसाद के मार्गदर्शन में नये न्यायिक अधिनियम 2023 पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दुर्गेश प्रसाद ने कहा कि नवीनतम कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो गया है। आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत, आधुनिक एवं संवैधानिक आधार प्रदान करने के लिये नये कानून बनाये गये हैं। इससे आवराधिक मामलों में शेषसिद्धि दर में सुधार होगा तथा निर्धारित समय-सीमा में पीड़ित को न्याय मिल सकेगा। भारतीय न्याय संहिता 2023 पर प्रकाश डालते हुए विषय विशेषज्ञ प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने कहा कि नवीन न्याय संहिता में नये कानूनों को जोड़ा गया है तथा पुराने अप्रासंगिक कानूनों को हटा दिया गया है। उन्होंने झपटमारी मॉब लिंचिंग देशद्रोह एवं अन्य प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रेमनाथ भारती ने नई संहिता में जीरो एफआईआर, विभिन्न कानूनी शब्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि नई संहिता प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम बनाती है। जिला न्यायालय के अधिवक्ता शंकर देवांगन ने भारतीय न्याय संहिता साक्ष्य अधिनियम के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रावधानों के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्ष से सबको अवगत कराया। डॉ. सपना ताम्रकार ने कहा कि नये विधान मील के पत्थर साबित होंगे।

## सीएमएचओ को सेवानिवृति पर दी विदाई

**धमतरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मंडल को उनकी सेवानिवृति पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने विदाई दी। जिला अध्यक्ष संजय नारंग, प्रांतीय उपाध्यक्ष एसआर टंडन, संभागीय सचिव मनोज वाधवानी, जिला संयोजक आरएचओ प्रकोष्ठ ईश्वरलाल साहू, गुरुशरण साहू, एके साहू उनके स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया।

### प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक : गोधूलि बेला में विवाह करने का लिया गया निर्णय

# मराठा समाज में प्री-वेडिंग को बंद करने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग मराठा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रायपुर के मराठा सदन में प्रदेश अध्यक्ष अरुण घाड़गे की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन के सफल आयोजन, आय-व्यय की समीक्षा, समाज की चल अचल संपत्ति का ब्यौरा तथा 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय युवा सम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन पर चर्चा की गई। रायपुर के मराठा मित्र मंडल के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोकेश पवार को युवा सम्मेलन का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गयगा। महामंत्री राजसिंह रणसिंह ने आय- व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष सुरेश जाधव ने विगत 3 वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया। बैठक में महासचिव महेंद्र जाधव ने बताया कि मराठा सदन का किराया 23500 रूपए आता है, जिसके किराये में प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृध्दि की जाती है।

युवा समिति अध्यक्ष लोकेश पवार ने कहा कि युवाओं के लिए सम्मेलन आयोजित करना अच्छी बात है। हर्षवर्धन भोंसले सचिव बिलासपुर प्रादेशिक सलाहकार ने 50000 रूपए एकत्रित करने की बात कही। महासचिव विक्रम बाकरे ने बताया कि सघन अभियान चलाकर आजीवन सदस्य व सामान्य सदस्य बनाया जायेगा।



राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन में आये प्रस्ताव के अनुसार गोधूलि बेला में विवाह व विवाह के पहले प्री-वेडिंग को बंद करने पर सहमति बनी। जिलाध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ कोडागांव, गुणवंत घाटगे रायपुर, दीपक लोंढे धमतरी, राजेंद्र घाटगे महासमुंद, राजेंद्र पवार भिलाई, नीता रणसिंह धमतरी, सुषमा महाड़िक रायपुर व राजिम से आशीष शिन्दे ने अपने विचार व्यक्त किए। राघोबा महाड़िक ने कहा कि इस निर्णय को लागू करने में जिलाध्यक्ष अपने अपने जिले में बैठक आयोजित करें। दीपक लोंढ़े जिलाध्यक्ष धमतरी ने कहा कि हम अपने जिले मे गोधूलि बेला में विवाह करने का नियम बनाते हुए प्री वेडिंग का विरोध करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र डुकरे ने भवन के विस्तार पर जानकारी दी। संरक्षक राजेश महाडिक ने महिला सम्मेलन के सफल आयोजन पर खुशा जाहिर की। प्रदेश अध्यक्ष अरूण घाटगे ने कहा कि मेरे कार्यकाल में आप सभी का सहयोग सराहनीय रहा। बैठक का संचालन महासचिव विक्रम बाकरे व लोकेश गायकवाड़ संभागीय संयोजक बस्तर तथा आभार प्रदर्शन दिनेश नलोडे ने किया। बैठक में महेंद्र जाधव, नरेश गायकवाड़, योगेश बाबर, काशी राव गाढे, ललित महाडिक, नीरज इंग्ले, राहुल डुकरे, प्रगति पवार, अनीता लोंढ़े, ममता माढरे नमिता कदम, आशा जाधव, अलका जाधव, अलका देशमुख, अरविंद चौहान, आरआर शिन्दे, अशोक मराठा, संतोष राव, श्रीमती वर्षा शिन्दे, दीपक राव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## उपपोस्ट ऑफिस में भरा पानी, काम हो रहे प्रभावित


- किराए के जर्जर भवन में संचालित हो रहा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय में किराए के जर्जर भवन में उप पोस्ट ऑफिस संचालित हो रहा है। भवन की मरम्मत नहीं की गई है। कवेलू रहित भवन जनपद पंचायत के अधिनिष्ठ किराए पर उप पोस्ट ऑफिस को दिया गया है। वर्तमान में कवेलू वाले भवन के नीचे उपपोस्ट ऑफिस संचालित हैं। बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है। ऑफिस के अंदर पानी भरा हुआ है। ऑफिस में काम करने वाले अधिकारी- कर्मचारी किसी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में काम करने की तरह रह गए हैं। कंप्यूटर सहित महत्वपूर्ण कागजात को पॉलीथिन से ढंककर रखा गया है। उपपोस्ट ऑफिस को अंदर से देखने पर किसी बाढ़ ग्रस्त का नजारा दिखता है। मुख्यालय में संचालित पोस्ट ऑफिस में पदस्थ पोस्टमास्टर अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत से भवन को किराए पर लिया गया है। बरसात से पूर्व भवन मरम्मत से अवगत कराया था।



कवेलू मरम्मत की जगह टिन शेड लगाने का आश्वासन दिया जा रहा है। बरसात प्रारंभ होने के बाद भी मरम्मत कार्य नहीं हो रहा है। ऑफिस में पानी भरने से शासकीय काम प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में जनपद प्रभारी लेखापाल भुवन प्रकाश सिन्हा से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि भवन की खपरैल जर्जर हो चुकी है किंतु बाजार में कवेलू नहीं मिल रहे हैं। जनपद की अन्य मद से टिन शेड लगाने ठेकेदार से चर्चा हो चुकी है। अतिशीघ्र शेड बन जाएगा।



## लोगों से मिले अपार स्नेह से कवि सुरजीत नवदीप हुए अभिभूत

- राष्ट्रीय कवि ने अपने जीवन के 87 वर्ष पूरे किए, साहित्यकारों का लगा जमघट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर के गौरव, राष्ट्रीय कवि सुरजीत नवदीप ने अपने जीवन के 87 वर्ष पूरे कर लिए है। 1 जुलाई को जन्मदिन की बधाई देने उनके निवास पर विधायक, पूर्व विधायक, महापौर सहित गणमान्य नागरिक पहुंचे। लोगों से मिले अपार स्नेह से कवि सुरजीत नवदीप अभिभूत हो गए। देश में कवि सम्मेलनों में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले हास्य व्यंग्य कवि सुरजीत नवदीप का जन्मदिन 1 जुलाई को उनके निवास स्थान में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि सुरजीत सर धमतरी के गौरव हैं। बचपन से ही उनकी कविताओं को सुनते आ रहे हैं। गांव-गांव में आज जो कवि सम्मेलन हो रहा है, वह सर की देन है। महापौर विजय देवांगन ने उनके दीर्घायु की कामना की।



वरिष्ठ पत्रकार दीपक लखोटिया ने कहा कि सुरजीत सर का व्यक्तित्व विराट है। उनके परिचय का क्षेत्र पूरा हिन्दुस्तान है। वे धमतरी की पहचान हैं। जितने भी कवि धमतरी आए वे सुरजीत सर के आशीर्वाद से संभव हो पाया है। सरलता और अनुशासन उनकी पहचान है। किसी भी कार्यक्रम को गति देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। समाजसेवी गोपाल शर्मा, श्याम अग्रवाल, कविता बाबर, चंद्रशेखर शर्मा, कामिनी कौशिक, दीप शर्मा ने भी अपने वक्तव्य के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, राजेन्द्र लुंकड़, अमरचंद जैन, मदनमोहन खंडेलवाल, सुधीर गुप्ता, आनंद पवार, राजेश ठाकुर, आलोक जाधव, बलवंतराव पवार, आकाश गोलछा, महेन्द्र खंडेलवाल, हरमिंदर छाबड़ा, विनोदराव रणसिंह, रंजीत छाबड़ा, मनजीत छाबड़ा, डॉ. सरबजीत छाबड़ा, राजेन्द्र सिन्हा, मोहम्मद शाह अहमद, प्रेम मगेन्द्र, आशीष मिन्त्री, नरेश श्रोती, नरेश राखेचा, डॉ. भूपेन्द्र साहू, अब्दुल रज्जाक रिजवी, मुकेश जैन, अजय देवांगन, राममिलन साहू, भूपेन्द्र पटवा, उमेश बशिष्ट, शैलेन्द्र नाग, आशीष बंगानी, तिलक लांगे, प्रदीप पाड़े, रोशन सिन्हा, पुष्पेन्द्र साहू, वेणु साहू, विजय साहू, सौम्या यादव, प्रेमशंकर चौबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डुमन ध्रुव ने किया। कवि सुरजीत नवदीप ने सभी का आभार करते हुए कहा कि हंसते रहो, हंसाते रहो, मिलते रहो, मिलाते रहो, ये दिल, दिल नहीं आपका घर है, इस घर में आते जाते रहो।

## मेधावी छात्र को साहू समाज ने किया सम्मानित



**धमतरी।** कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र पीयूष पिता तामेश्वर साहू मूल निवास चर्रा, वर्तमान निवास रत्नाबांधा पंचवटी कॉलोनी को साहू समाज के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नेता प्रतिपक्ष महंत का हुआ स्वागत

**धमतरी।** कांकेर प्रवास से लौटते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा के रायपुर रोड स्थित निवास में कुछ समय रुके। यहां उनके समर्थको ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर गुरूमुख सिंह होरा, वसीम कुरैशी, सुमित जैन, राहुल बख्तानी, योगेश लाल, गोलू शर्मा, पप्पू गजेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## अब जिले में श्रमिकों के बच्चों को भी मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

- मुख्यमंत्री ने नि:शुल्क कोचिंग योजना में धमतरी को किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बने हैं तब से लगातार प्रदेश में विकास को गति दी जा रही है। कई ऐसे फैसले लिये जा रहे हैं जो प्रदेशवासियों के लिए कल्याणकारी साबित हो रहे हैं। उक्त बातें जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी राजेश गोलछा व भाजपा नेता नवीन सांखला ने कही। श्री गोलछा व श्री सांखला ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष पहल करते हुए



जुलाई माह से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना शुरु की जा रही है। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापंम, बैंकिग व अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी। आफलाइन के साथ-साथ आनलाइन की कोचिंग की सुविधा मिलेगी। प्रदेश के 10 जिलों में शुरुआत होगी जिसमें धमतरी जिले को भी शामिल किया गया है। इसके लिए दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार माना है।

## सामूहिक दुष्कर्म पर होगी 20 वर्ष की सजा

- एसडीओपी ने देश में लागू नये कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सभी थानों में नये कानून लागू होने पर इसे उत्सव के रूप में मनाया गया। एसडीओपी श्री मिश्रा, नगरी थाना प्रभारी टुमन लाल डड़सेना ने पुलिस थाना नगरी कार्यशाला आयोजित कर वरिष्ठ नागरिक एवं समाज के प्रतिनिधि, वकीलों को नये कानून की जानकारी दी। बताया कि धोखाधड़ी को अब 420 नहीं, 316 से जानेंगे। हत्या के आरोपी को 302 में नहीं अब 101 के तहत जेल भेजा जायेगा। देशभर में 1 जुलाई 2024 से 3 नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसएस) 2023 को लेकर जानकारी दी गई। नये महिला सुरक्षा कानून पर बारीकी जानकारी देते हुये कहा कि नये कानून में अब धारा 68, 69 के तहत पहचान छिपाकर शादी करना या शादी का झूठा वादा कर यौन कृत्य करने को जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

धारा 70 के तहत सामूहिक दुष्कर्म के लिये 20 वर्ष या आजीवन कारावास का प्रावधान है। धारा 89 के तहत महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराने पर आजीवन कारावास से दंडित किये जाने का प्रावधान है। नवीन आपराधिक कानूनों में जोड़ी गई नई धाराओं, पुराने कानून से हटाई गई धाराओं एवं आवश्यक परिवर्तनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नया कानून हमारे देश की विधिक प्रणाली को आधुनिक, समसामयिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन संहिताओं के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरितता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सकती है। इनकी आवश्यकता और अपरिहार्यता स्पष्ट है।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगरी मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, गोकुल देवांगन, हृदय साहू, संत कोठारी, रूपेंद्र साहू, अशोक संचेती, अधिवक्ता गुलाब भारती, सुरेश साहू सहित व्यापारीजन, सामाजिक जान उपस्थित थे।

## टी-20 विश्व कप विजय से भारत के विश्व नेतृत्व का संकल्प और मजबूत हुआ : पं. शर्मा

- क्रिकेट के साथ दुनिया की हर पिच पर दिखेगा भारत का यॉर्कर और स्ट्रेट ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शनिवार की रात पूरी दुनिया ने देखा कि भारत ने दुनिया की दिग्गज क्रिकेट टीमों को कैसे मात दी और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को उसी की धरती पर हराकर विश्व विजेता के सिंहासन पर कब्जा जमाया। समाजसेवी और भाजपा नेता पं राजेश शर्मा ने टीम इंडिया की गौरवशाली जीत पर कहा कि हमें कोहली की विराट पारी देखने को मिली। सूर्य कुमार का चौंधियाने वाला कैच दिखा। हार्दिक का हृदय जीतने वाला ओवर था। रोहित शर्मा की रॉकिंग कप्तानी और द्रविड़ की दांव जीतने वाली कोचिंग थी। भारत ने टी20 वर्ल्डकप जीत कर 140 करोड़



भारतीयों को विश्व विजेता बनने की अद्भुत अनुभूति कराई है। देश इस विजय को हमेशा याद रखेगा। पं. राजेश ने कहा कि टीम इंडिया ने भारत के बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक के हृदय को गर्व से भर दिया है। पूरी दुनिया में देश का मान हिमायल की ऊंचाई जैसा ऊंचा किया है। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट की जीत नहीं है बल्कि इससे अब पूरी दुनिया को नेतृत्व और दिशा देने के भारत के संकल्प को बेहद मजबूती मिली है। क्रिकेट तो जीत लिया अब दुनिया की हर पिच पर भारतीयों की स्ट्रेट ड्राइव और भारत का ही यॉर्कर दिखेगा। ज्ञात हो कि श्री शर्मा एक क्रिकेट लवर है। छात्र जीवन में अच्छे बैट्समैन रहे।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात विंध्यवासिनी वार्ड बूथ क्रमांक 120 में पूर्व पार्षद श्रीमती अनीता सोनकर के निवास में सुनी गई। भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी। तत्पश्चात भाजपा की केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया एवं एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मंडल महामंत्री अखिलेश सोनकर, शिवदत्त उपाध्याय, पूर्व पार्षद श्रीमती अनीता सोनकर, मदन साहू, धनेश सोनकर, श्यामा साहू, शिव नेताम, लाता सोनी, प्रीति नामदेव, सोनी, रोहणी नामदेव, राजू चावला, हरिराम साहू, मोटू फुटान, सुमित्रा सेन मौजूद थे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

### करेली बड़ी स्कूल में आओ कविता लिखें समूह की हुई मासिक गोष्ठी

# ग्रामीण बालकवियों ने की कविताओं की झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी के पुस्तकालय कक्ष में आओ कविता लिखें समूह की मासिक गोष्ठी हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू अध्यक्ष संगम साहित्य समिति मगरलोड, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मुन्नालाल देवदास फाउंडर ऑफ माता कौशल्या इनोवेशन फाउंडेशन छग एवं साहित्यकार आत्माराम साहू, बृजेश कुमार देवांगन, गितेश्वर सिंह साहू ने मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ किया। इस बीच बाल कवियों ने कविताओं की झमाझम बारिश कर सभी का मन मोह लिया।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए बालकवि नियति साहू ने एक से बढ़कर पंक्तियां पढ़ी। मुख्य अतिथि पुनाराम साहू ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। इस उम्र में साहित्य की रचना करना अपने आप में बड़ी बात है। डॉ मुन्नालाल देवदास ने कहा कि अभिधा लक्षण और व्यंजन के समावेश से कविता में निखार आता है। यह लक्षण सभी की कविताओं में बखूबी दिखाई दे रही है। आत्माराम साहू ने कहा कि जिस उम्र में बच्चे ढंग से आवेदन पत्र तक नहीं लिख पाते हैं, उस उम्र में ये बच्चे साहित्यिक रचना कर रहे हैं। ये बधाई के पात्र हैं। आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक जितेंद्र सुकुमार साहिर ने कहा कि अध्ययन अध्यापन के साथ साहित्य भी हमारे जीवन का अंग है। बच्चे केवल किताबी ज्ञान न लें। प्रायोगिक तौर पर कविता कहानी संस्मरण आदि को जानें। भाषा का ज्ञान होना बहुत जरूरी है तभी अपने मन की बातों को कविता, कहानी आदि विधाओं के माध्यम से कह पाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े ने बरसात के मौसम को अपनी कविताओं में उतारा। बृजेश कुमार देवांगन ने कोरोना की क्षति को याद करते हुए कविता के माध्यम से व्यक्त किया। दामिनी निषाद ने कविता पढ़ी, बेशर्म है जो बुजुर्गों की उम्र का लिहाज नहीं करते, पसीनों से कमाया धन का अंदाज नहीं करते। दिनेश साहू ने किसानों के समर्थन में, गुंजा साहू ने नशा मुक्ति अभियान व परमेश्वरी साहू ने पर्यावरण प्रदूषण पर कविता पढ़ी। नीलम साहू, प्रीति साहू ने भी अपनी कविता पढ़ी। वंदना सेन, साक्षी निषाद, नियति साहू ने भी खूब वाहवाही लूटी। पेमेश्वरी निषाद ने ज़िंदगी पर रचना पढ़ी। भावना साहू ने छत्तीसगढ़ी में गांव पर शानदार कविता सुनाई। तारिणी साहू, लीलम बघेल और हिना साहू ने भगवान श्रीराम को केंद्र बिंदु मानकर कविता पढ़ी।